
शब्दसंसार

# क्रिया काल रूप





HLP Project S&T Mission Mode Government Of India
Department of Speech-Language Pathology
AYJNIHH, Bandra MUMBAI 400 050.

# ACKNOWLEDGEMENT

A systematic training material easily accessible to teachers and parents of the language disordered children, a cherished distant dream has become a reality. Thanks to Science and Technology Mission Mode, Govt. of India for helping us realize this, by providing financial assistance. Their regular review and suggestions enabled us critically evaluate the material.

We are indebted to Shri Rangasayee, Director, A.Y.J.N.I.H.H. for motivating us to take up this comprehensive project and providing continuous support and guidance at every stage of the project.

Such extensive material needed critical evaluation for which we are grateful to Dr. Vijayalakshmi Basavraj, Dy. Director (Tech.), A.Y.J.N.I.H.H. who gave invaluable suggestions and support.

We highly appreciate and thank Dr. Geetha Mukundan, Reader & Head, Department of Speech-Language Pathology, A.Y.J.N.I.H.H. for providing departmental facilities and steady support throughout the project. Our special thanks to Mrs. Varsha Gathoo, Reader and Head, Department of Education, A.Y.J.N.I.H.H., for the feedback and suggestions which helped us to improve upon our earlier drafts.

We thank Dr. Sureshkumar, Ex-Director of Kendriya Hindi Sansthan, Agra and Dr. Medha Karbhari - Adhyaru for their guidance in finalizing the list of vocabulary of the books.

We appreciate the co-operative and unconditional support provided by the respective Principals and Teachers of the following Special Schools for The Hearing Impaired in Delhi and Mumbai, who in spite of their busy schedule dedicated their valuable time for field testing the material without which the material would not have taken this shape.

Asha Special School, New Delhi, Association of Welfare of Handicap, Faridabad, New Delhi, Awaz Special School for Deaf, New Delhi, Koshish School for Deaf, Malad, Mumbai, M.P.K. Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Harayana, Pragati School for Deaf, Dadar, Mumbai, Premalabai Chavan School for Deaf, New Delhi, Rochiram Thandhani School for Hearing Handicapped, Chembur, Mumbai, Shivaji Park School for the Deaf, Mahim, Mumbai, Shruti School for Deaf, Juhu, Mumbai, Utkarsha School for the Deaf, Vile Parle, Mumbai, Welfare Center for Impaired, Sonepat, New Delhi, Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Gurgaon, New Delhi.

The parents of children with hearing impairment provided us with positive feedback on this material and stressed the utility and need for such material. We are highly indebted to them. A heart felt thanks to them.

Development of the books would have been incomplete without the support of the proofreaders. We take this opportunity to thank Mrs. Namrata Pawar, Hindi Section, A.Y.J.N.I.H.H. and Mr. Chandravir Banshidhar Yadav for proof reading the material.

We acknowledge Prof. J.C. Sharma for helping us with statistical analysis.

We are grateful to Mrs. Meenal Umrao and Mrs. Nayna Shinde for their umatched consistent and robust hardwork and sometimes working during odd hours to catch up with the project work.

The prompt support always provided by Mr. Nitin Warekar, Hardware Engineer, Establishment, Accounts and Hindi Section is greatly valued.

Usha Dalvi
Principal Investigator

Sadhana Relekar
Co Investigator

# PROJECT DETAILS

Funded by : S & T mission mode, Government of India.

Conducted by : Department of Speech-Language Pathology, Ali Yavar Jung National Institute for the Hearing Handicapped, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, Bandra,, Mumbai - 50.

Project Group:

- Principal Investigator : Mrs. Usha Dalvi (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)
- Co-Investigator : Ms. Sadhana Relekar (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)

Research Team:

- Linguist : Dr. Rita Mathur
- Special Educator : Mrs. Bindiya Kamble
- Special Educator : Mrs. Sneha Tambe

Illustrations:

- Commercial Artist : Ms. Leena Teli
  Ms. Varuna Naik

Layout and Visualization : Sun Graphics

Copy right:

All rights reserved. No part of this book may be reproduced stored in retrieval system, or transmitted in any means, electronic mechanical, photocopying, recorded or otherwise, without written permission of ..................................

## दो शब्द शिक्षकों एवम् अभिभावकों से

श्रवण बाधित बच्चों में भाषा ज्ञान के संवर्धन और परिवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। परंतु इन प्रयासों की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है जो इस समस्या के प्रति जागरुक हैं। यह भी देखने में आया है कि श्रवण बाधित बच्चों में बोलने की क्षमता व भाषिक विकास के लिए आवश्यक सामग्री का भी अभाव है। ये बच्चे संपूर्ण रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सामान्य होते हैं, परंतु केवल श्रवण विकलांगता के कारण भाषिक ज्ञान से वंचित रह जाते हैं। इस कमी को पूरा करने के लिये ही यह पुस्तक मालिका प्रस्तुत की जा रही है। इस पुस्तक मालिका में क्रमिक रूप से भाषा के जटिल रूपों को सरल चित्रों व सरल लेखन के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक मालिका तीन वर्गों में विभाजित है। प्रथम - वर्ण संसार, द्वितीय - शब्द संसार तथा तृतीय - वाक्य संसार। जैसा कि नाम से विदित है, यह पुस्तकमालिका क्रमश: वर्णमाला, शब्द संरचना और वाक्य विन्यास का ज्ञान कराती है। भाषा का ज्ञान कराने वाली पुस्तकें बहुत सी हैं जो हिंदी की सभी व्याकरणिक कोटियों का ज्ञान कराती हैं, किंतु सभी पुस्तकें पाठ्यक्रम के अनुसार निर्मित हैं और सामान्य विद्यार्थी के लिए लाभप्रद भी है, पर ये श्रवण बाधित बच्चे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण उन पुस्तकों का लाभ नहीं उठा पाते। श्रवण विकलांगता के कारण वे प्राय: भाषा सीखने और उसके बहुत से प्रयोगों, उदाहरण स्वरूप भाषा के अलंकारिक प्रयोग से अनभिज्ञ रह जाते हैं। अत: इन बच्चों की शब्द आधारित भाषा सीखने की असमर्थता को ध्यान में रखते हुए ही इस पुस्तक मालिका की रचना की गई है।

'वर्ण संसार' की पुस्तिकाएँ वर्णों के आकार और रूप का ज्ञान कराती हैं। 'शब्द संसार' की पुस्तिकाएँ शब्दों के विभिन्न प्रयोगों और उनके व्यापक अर्थ का परिवर्धन कराती हैं तथा 'वाक्य संसार' की पुस्तिकाएँ विभिन्न वाक्यों की संरचना एवं हिंदी व्याकरण की जटिलताओं को सरल रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं। इस पुस्तक मालिका से दो वर्ष से आठ वर्ष के आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों में भाषा विकास संपूर्ण रूपसे हो जाएगा, यह समझना सही नहीं होगा। परंतु इस पुस्तक मालिका का प्रयोग इन बच्चों के अध्यापकों, अभिभावकों एवं अन्य वे सभी जो भाषा अल्पता एवं शुद्धता की समस्या को सुलझाना चाहते हैं, उनका पथ एवं दिशा निश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही यह पुस्तकमालिका सभी बच्चों में भाषा अर्जन, बोलना, वाचन और लेखन क्षमताओं का विकास करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कृपया इस विषय में अपने अनुभव हमें अवश्य बताएँ। इस पुस्तक मालिका को सहायक सामग्री के रूप में और अधिक परिवर्धित एवं उपयोगी करने की दिशा में आपके सुझाव आमंत्रित हैं।

धन्यवाद ...

# क्रिया - काल रूप

पुस्तक मालिका की इस कड़ी का उद्देश्य श्रवण बाधित बच्चों को क्रिया के काल रूपों का ज्ञान कराना है। काल की अवधारणा ही ऐसे बच्चों के लिए कठिन होती है। इस कारण केवल भूत, भविष्य और वर्तमान काल को ही प्राथमिक रुप से इस पुस्तिका में सम्मिलित किया गया है। आशा है कि ये बच्चे क्रिया के काल रूपों को भलीभाँति सीख सकने की वजह से काल के अन्य रुपों को भी आत्मसात करने में सक्षम होंगे।

1) खाना, पीना, दौडना, सोना, उठना

2) लिखना, पढ़ना, हँसना, रोना, चलना

3) ढकेलना, देखना, जाना, झगड़ना, खींचना

4) तैरना, उड़ना, पहनना, कूदना, काटना

5) धोना, चढ़ना, उतरना, बैठना, तोड़ना

6) खेलना, नहाना, खरीदना, गिरना, खोदना

नोट : इस किताब में दी गई क्रियाओं के कालरुप सीमित है। इसलिए अन्य क्रियाओं के कालरुप मौका मिलने पर सही संदर्भ में इसी तरह सिखाइए। तथा इन सीखे हुए शब्दों को मौका मिलने पर बच्चों को अपनी बोली में और लेखन में उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# क्रिया काल रुप

## पाठ्यसूची


| क्र. | पाठ | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | खाएगा-खाता-खाया | 1 |
| 2. | लिखेगा-लिखता-लिखा | 5 |
| 3. | ढकेलेगा-ढकेलता-ढकेला | 8 |
| | पुनरावलोकन | 11 |
| 4. | पहनेगा-पहनता-पहना | 12 |
| 5. | धोएगा-धोता-धोया | 15 |
| 6. | खेलेगा-खेलता-खेला | 18 |
| | पुनरावलोकन | 21 |

पाठ 1

# क्रिया काल

क्रिया के जिस रूप से यह पता चलता है, कि क्रिया किस समय हुई है, उसे क्रिया का 'काल' कहते है। काल के प्रमुख तीन भेद होते हैं।

1) भूतकाल
2) वर्तमान काल
3) भविष्यत् काल

1) **भूतकाल:** क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि काम बीते हुए समय में हुआ है, उसे भूतकाल कहते हैं।
जैसे : रेलगाड़ी जा चुकी थी।

2) **वर्तमान काल:** क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि क्रिया चालू समय में हो रही है, उसे वर्तमान काल कहते हैं,।
जैसे : मोहन आम खा रहा है।


3) **भविष्यत् काल :** क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि क्रिया आनेवाले समय में होने वाली है, उसे भविष्यत् काल कहते हैं।
जैसे: मीना पाठ पढ़ेगी।

इसका अर्थ यह है कि, क्रियाएँ 3 समय में हो सकती हैं। (1) वह (क्रिया) हो चुकी है। (2) वह (क्रिया) हो रही है। (3) वह (क्रिया) आने वाले समय में होगी।


1) भूत (बीता हुआ)
2) वर्तमान (इस समय में चल रहा)
3) भविष्यत् (आगे होने वाला)

इसी तरह क्रिया के रूप से पता चलता है कि क्रिया किस समय हुई है।


**चित्र देखिए, वाक्य पढ़िए और काल के प्रकार सीखिए।**



भविष्यत् काल : लड़का खाने की क्रिया करने वाला है।
लड़का खाना खाएगा।



वर्तमान काल : लड़का खाने की क्रिया कर रहा है।
लड़का खाना खा रहा है।




भूतकाल : लड़के ने खाने की क्रिया कर ली।
लड़के ने खाना खाया।


**भविष्यत् काल** | **वर्तमान काल** | **भूतकाल**




**बिल्ली दूध पीएगी।**




**बिल्ली दूध पी रही है।**



**बिल्ली ने दूध पिया।**



**आदमी दौड़ेगा।**



**आदमी दौड़ रहा है।**



**आदमी दौड़ा।**

## I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और काल पहचानिए।

जैसे : सुबह रीमा जल्दी उठी। भूतकाल

1) घोड़ा दौड़ रहा है। ____________

2) बिल्ली दूध पिएगी। ____________


3) लड़की पलंग पर सोती है। ____________

4) मीना दौड़ेगी। ____________

5) लड़कों ने शरबत पिया। ____________

6) कुत्ते ने बिस्कुट खाया। ____________

## II) वाक्य पढ़कर संबंधित चित्र का क्रमांक वाक्य के सामने लिखिए।




1) लड़की ने पानी पीया। ____________

2) कुत्ते ने बिस्किट खाया। ____________

3) लड़की पानी पिएगी। ____________

4) कुत्ता बिस्किट खाएगा। ____________

5) लड़की पानी पी रही है। ____________

6) कुत्ता बिस्किट खाता है। ____________

**III) निम्नलिखित वाक्य भूतकाल में लिखिए।**

1) घोड़ा चना खाता है। जैसे : घोड़े ने चना खाया ।

2) राजू कल रसगुल्ले खाएगा। ____________________

3) पापा चाय पी रहे हैं। ____________________

4) गीता जल्दी उठेगी। ____________________

5) नीता रात में जल्दी सोती है। ____________________

**IV) निम्नलिखित वाक्य भविष्यत् काल में लिखिए।**

1) गाय घास खा रही है। जैसे : गाय घास खाएगी ।

2) नौ बजे रीमा सोयी। ____________________

3) रीना जल्दी उठती है। ____________________

4) कुत्ता दूध पी रहा है। ____________________

5) लड़का पतंग देखकर दौड़ा। ____________________

**V) निम्नलिखित वाक्य वर्तमान काल में लिखिए।**

1) बच्चे रेस में दौड़ेंगे। जैसे : बच्चे रेस में दौड़ रहे हैं ।

2) राहुल ने बिस्किट खाया। ____________________

3) रीना जल्दी उठी। ____________________


4) गर्मियों में सब लोग ठंडा पानी पिएंगे । ____________________

5) सुबह देर तक बच्चे सोएंगे। ____________________

*************

# पाठ - 2


**चित्र देखिए, वाक्य पढ़िए और काल के प्रकार सीखिए।**



भविष्यत् काल : लड़की पत्र लिखने की क्रिया करने वाली है।
लड़की पत्र लिखेगी ।




वर्तमान काल : लड़की पत्र लिखने की क्रिया करती है।
लड़की पत्र लिख रही है।




भूतकाल : लड़की ने लिखने की क्रिया कर ली।
लड़की ने पत्र लिखा।

**भविष्यत् काल**




**कुत्ता चलेगा।**

**वर्तमान काल**



**कुत्ता चल रहा है।**

**भूतकाल**



**कुत्ता चला।**



**पिताजी किताब पढ़ेंगे ।**



**पिताजी किताब पढ़ रहे हैं।**



**पिताजी ने किताब पढ़ी।**

I) **निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और काल पहचानिए**

1) स्कूल में सारे बच्चों ने निबंध लिखा। ____________

2) दादा जी समाचार पत्र पढ़ेंगे। ____________

3) पटाखों की आवाज सुनकर रीमा रोई । ____________

4) जोकर की करामात देखकर लोग हँस रहे हैं । ____________

5) पक्की सड़क पर गाड़ियाँ तेजी से चल रही हैं। ____________

6) लड़के ने किताब पढ़ी। ____________

7) दादा जी जोर से हँसे। ____________

II) **वाक्य पढ़कर संबंधित चित्र का क्रमांक वाक्य के सामने लिखिए।**




1) लड़की रोएगी। ____________

2) लड़का चल रहा है। ____________

3) लड़की रोयी। ____________

4) लड़का चलेगा । ____________

5) लड़की रो रही है। ____________

6) लड़का चला । ____________

## III) निम्नलिखित वाक्य भूतकाल में लिखिए।

1) पतंग फटने पर रोहित रो रहा है। ____________________

2) नीता पत्र लिखेगी। ____________________

3) चॉकलेट देखकर राजू हँस रहा है। ____________________

4) रामू किताब पढ़ेगा। ____________________

5) राजू के नीचे गिरने पर सब हँसेंगे । ____________________

## IV) निम्नलिखित वाक्य भविष्यत् काल में लिखिए।

1) पतंग फटने पर रोहित रोया। ____________________

2) राजू के नीचे गिरने पर सब लोग हँसे। ____________________

3) कुत्ता धीरे-धीरे चल रहा है। ____________________

4) राजू ने किताब पढ़ी। ____________________

5) दीपक ने कहानी लिखी। ____________________

## V) निम्नलिखित वाक्य वर्तमान काल में लिखिए।

1) नीता स्कूल में पढ़ेगी। ____________________

2) जोकर सब को हँसाएगा। ____________________

3) माँ के डाँटने पर रोहित रोया। ____________________


4) रामू दादी को खत लिखेगा। ____________________

5) कछुआ धीरे-धीरे चलेगा। ____________________


*************

# पाठ - 3


**चित्र देखो, वाक्य पढ़िए और काल के प्रकार सीखिए।**





भविष्यत् काल : लड़का ढकेलने की क्रिया करेगा।
लड़का लड़की को ढकेलेगा।



वर्तमान काल : लड़का ढकेलने की क्रिया कर रहा है।
लड़का लड़की को ढकेल रहा है।



भूतकाल : लड़के ने ढकेलने की क्रिया की।
लड़के ने लड़की को ढकेला।

| **भविष्यत् काल** | **वर्तमान काल** | **भूतकाल** |
|---|---|---|
|  |  |  |
| **माँ बाजार जाएगी।** | **माँ बाजार जा रही है।** | **माँ बाजार गयी।** |
|  |  |  |
| **रीमा टी.वी. देखेगी।** | **रीमा टी.वी. देख रही है।** | **रीमा ने टी.वी. देखा।** |

## I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और काल पहचानिए।

1) बैल हल खींच रहे हैं। ______________________

2) नीता और रीमा आपस में झगड़े। ______________________

3) मैंने नाटक देखा। ______________________


4) चाचा ने पत्थर ढकेला। ______________________

5) नीता स्कूल जाती है। ______________________

6) रामू पतंग खींचेगा। ______________________

7) गीता और सीता झगड़ रही है। ______________________

## II) वाक्य पढ़कर संबंधित चित्र का क्रमांक वाक्य के सामने लिखिए।




1) रोहन और सोहन आपस में झगड़ेगें। ______________________

2) लड़के ने डाली खींची। ______________________

3) रोहन और सोहन झगड़ रहे हैं। ______________________

4) लड़का डाली खींचेगा। ______________________

5) रोहन और सोहन झगड़े। ______________________

6) लड़का डाली खींच रहा है। ______________________

## III) निम्नलिखित वाक्य <u>भूतकाल</u> में लिखिए।

1) राजा राक्षस को ढकेलेगा। ____________________

2) मीना बहुत सारे पंछी देख रही है। ____________________

3) गीता रस्सी खींचेगी। ____________________

4) गोपाल घर जायेगा। ____________________

5) औरतें झगड़ रही हैं। ____________________

## IV) निम्नलिखित वाक्य <u>भविष्यत् काल</u> में लिखिए।

1) रोहन बगीचे में गया। ____________________

2) गीता रस्सी खींच रही है। ____________________

3) राजीव ने संजू के साथ झगड़ा किया। ____________________

4) राहुल ने सिनेमा देखा। ____________________

5) राजू पतंग की डोर खींच रहा है। ____________________

## V) निम्नलिखित वाक्य <u>वर्तमान काल</u> में लिखिए।

1) राजा राक्षस को ढकेलेगा। ____________________

2) मीना ने एक पंछी को देखा। ____________________

3) पिताजी काम पर गये। ____________________

4) गीता किताबों में चित्र देखेगी। ____________________

5) किसान ने हल को खींचा। ____________________

*************

## पुनरावलोकन

**(खाना, पीना, दौड़ना, सोना, उठना, लिखना, पढ़ना, हँसना,**

**रोना,चलना,खींचना, ढकेलना, देखना, जाना, झगड़ना)**

**I) निम्नलिखित तालिका पूर्ण कीजिए।**

| भविष्यत् काल | वर्तमान काल | भूतकाल |
|---|---|---|
| ------ | देख रहा | ---------- |
| सोएगी | --------- | ---------- |
| --------- | --------- | पिया |
| खींचेगा | --------- | --------- |
| --------- | खा रही | --------- |
| उठेंगे | --------- | --------- |
| --------- | --------- | हँसी |

**II) सूचना के अनुसार वाक्य में बदल करके फिरसे लिखिए।**

जैसेः बैल जोर से दौड़ा । (भविष्यत् काल) - बैल जोर से दौड़ेगा।

1) दादा जी शहर जाएंगे। (भूतकाल)

2) घोड़े ने जोर से रस्सी खींची । (वर्तमान काल)

3) दोनों भाई बहुत झगड़ रहे हैं। (भविष्यत् काल)

4) मीना ने ताजमहल देखा । (भविष्यत् काल)

5) पहलवान एक बड़े पत्थर को जोर से ढकेल रहा है। (भूतकाल)

6) मीना कहानियों की किताबें पढ़ेगी। (वर्तमान काल)

7) माँ की डाँट सुनकर मीना जोर से रोयी। (वर्तमान काल)


8) गांधी जी ने पंडित नेहरू को पत्र लिखा । (भविष्यत् काल)

9) छुट्टियों में बच्चे देर से उठते हैं। (भूतकाल)


*************

# पाठ - 4


**चित्र देखिए, वाक्य पढ़िए और काल के प्रकार सीखिए।**



भविष्यत् काल : लड़का कपड़े पहनने की क्रिया करेगा।
लड़का कपड़े पहनेगा ।




वर्तमान काल : लड़का कपड़े पहनने की क्रिया कर रहा है।
लड़का कपड़े पहन रहा है।




भूतकाल : लड़के ने कपड़े पहनने की क्रिया कर ली।
लड़के ने कपड़े पहने।

**भविष्यत् काल**




**बिल्ली छत से कूदेगी।**

**वर्तमान काल**



**बिल्ली छत से कूद रही है।**

**भूतकाल**



**बिल्ली छत से कूदी।**



**आदमी फल काटेगा।**



**आदमी फल काट रहा है।**



**आदमी ने फल काटा।**

**I) निम्नलिखित वाक्य पढ़िए और काल पहचानिए।**

1) रेखा ने रेनकोट पहना। ________________

2) पेड़ के ऊपर से लड़का कूदेगा। ________________

3) मगरमच्छ पानी में तैरेगा। ________________


4) रोमिल पेड़ काटेगा। ________________

5) बच्चे तालाब में तैर रहे हैं। ________________

6) कौआ आसमान में उड़ा। ________________

7) दादा जी चश्मा पहनेंगे। ________________

**II) वाक्य पढ़कर संबंधित चित्र का क्रमांक वाक्य के सामने लिखो।**




1) लड़की टोपी पहनेगी। ________________

2) लड़का तैर रहा है। ________________

3) लड़की ने टोपी पहनी। ________________

4) लड़का तैरेगा। ________________

5) लड़की टोपी पहन रही है। ________________

6) लड़का तैरा। ________________

**III) निम्नलिखित वाक्य <u>भूतकाल</u> में लिखिए।**

1) राजा मुकुट पहनेगा। ______________________
2) राज सेब काट रहा है। ______________________
3) पंछी आसमान में उडंद्धेो ______________________
4) बच्चे तालाब में तैर रहे हैं। ______________________
5) रोहन जोर से कूदेगा। ______________________

**IV) निम्नलिखित वाक्य <u>भविष्यत् काल</u> में लिखिए।**

1) राजा ने मुकुट पहना। ______________________
2) सीमा तालाब में तैर रही है। ______________________
3) माँ ने सब्जी काटी। ______________________
4) तोता पिंजरे से उड़ा। ______________________
5) औरत पहाड़ पर से कूदी। ______________________

**V) निम्नलिखित वाक्य वर्तमान काल में लिखिए।**

1) राजा मुकुट पहनेगा। ______________________
2) रीमा ने सेब काटा। ______________________
3) बंदर पेड़ के उपर से कूदेंगे । ______________________
4) सुनील नदी में तैरा। ______________________
5) चिड़िया आसमान में उड़ी। ______________________
6) औरत पहाड़ से कूदी । ______________________

*************

# पाठ - 5

**चित्र देखिए, वाक्य पढ़िए और काल के प्रकार सीखिए।**






भविष्यत् काल : माँ कपड़े धोने की क्रिया करेगी।
माँ कपड़े धोएगी।



वर्तमान काल : माँ कपड़े धोने की क्रिया कर रही है।
माँ कपड़े धो रही है।



भूतकाल : माँ ने कपड़े धोने की क्रिया कर ली।
माँ ने कपड़े धोए।

| **भविष्यत् काल** | **वर्तमान काल** | **भूतकाल** |
|---|---|---|
|  |  |  |
| **गिलहरी पेड़ पर चढ़ेगी।** | **गिलहरी पेड़ पर चढ़ रही है।** | **गिलहरी पेड़ पर चढ़ी।** |
|  |  |  |
| **पिताजी कुर्सी पर बैठेंगे।** | **पिताजी कुर्सी पर बैठ रहे हैं।** | **पिताजी कुर्सी पर बैठे थे ।** |

## I) वाक्य पढ़कर क्रिया का काल पहचानिए।

1) रीमा ने बर्तन धोए। ______________

2) बंदर पेड़ पर बैठ रहा है। ______________

3) बच्चा गिलास तोड़ेगा। ______________


4) आदमी पेड़ पर से उतरेगा। ______________

5) गीता सीढ़ी चढ़ रही है। ______________

6) औरत फर्श धोएगी। ______________

7) लड़की ने पेन्सिल तोड़ी । ______________

## II) वाक्य पढ़कर संबंधित चित्र का क्रमांक वाक्य के सामने लिखिए।




1) रामू सीढ़ी से उतरेगा। ______________

2) सीमा ने फूल तोड़ा। ______________

3) रामू सीढ़ी से उतर रहा है। ______________

4) सीमा फूल तोड़ेगी। ______________

5) रामू सीढ़ी से उतरा। ______________

6) सीमा फूल तोड़ रही है। ______________

**III) निम्नलिखित वाक्य भूतकाल में लिखिए।**

1) धोबी कपड़े धो रहा है। ____________________

2) बच्चा सीढ़ी चढ़ेगा। ____________________

3) नीता खिलौने तोड़ेगी। ____________________

4) राज पहाड़ से उतर रहा है। ____________________

5) कोयल डाली पर बैठेगी । ____________________

**IV) निम्नलिखित वाक्य भविष्यत् काल में लिखिए।**

1) राजा सिंहासन पर बैठ रहा है। ____________________

2) राजेश पलंग पर चढ़ा। ____________________

3) नीता ने नारियल तोड़ा। ____________________

4) आदमी पेड़ से उतर रहा है। ____________________

5) चंदू ने मुँह धोया। ____________________

**V) निम्नलिखित वाक्य वर्तमान काल में लिखिए।**

1) नेताजी कुर्सी पर बैठेंगे। ____________________

2) राजेश पलंग पर चढ़ा। ____________________

3) चंदू ने मुँह धोया। ____________________


4) नीता खिलौने तोड़ेगी। ____________________

5) बंदर पेड़ से उतरा। ____________________


*************

# पाठ - 6


**चित्र देखो, वाक्य पढ़ो और काल के प्रकार सीखो ।**



वर्तमान काल : गीता खिड़की खोलने की क्रिया करती है।
गीता खिड़की खोलती है।




भविष्यत् काल : गीता खिड़की खोलने की क्रिया करेगी।
गीता खिड़की खोलेगी।



भूतकाल : गीता ने खिड़की खोलने की क्रिया कर ली।
गीता ने खिड़की खोली।


**भविष्यत् काल** | **वर्तमान काल** | **भूतकाल**



**राहुल सब्जी खरीदेगा ।**



**राहुल सब्जी खरीद रहा है।**



**राहुल ने सब्जी खरीदी।**



**आदमी गड्ढा खोदेगा।**



**आदमी गड्ढा खोद रहा है।**



**आदमी ने गड्ढा खोदा ।**

**I) वाक्य पढ़कर क्रिया का काल पहचानिए।**

1) राज फल खरीद रहा है। ____________

2) माँ अलमारी खोलेगी। ____________

3) आदमियों ने कुआँ खोदा। ____________


4) पेड़ से फल गिरेगा। ____________

5) रोहन नहा रहा है। ____________

6) माँ ने अलमारी खोली। ____________

7) रोजी फ्रॉक खरीदेगी। ____________

**II) वाक्य पढ़कर संबंधित चित्र का नंबर वाक्य के सामने लिखिए।**




1) लड़का नहा रहा है। ____________

2) किताब गिरी । ____________

3) लड़का नहाएगा। ____________

4) किताब गिर रही है। ____________

5) लड़का नहाया। ____________

6) लड़की किताब गिराएगी । ____________

## III) निम्नलिखित वाक्य भूतकाल में लिखो।

1) पिताजी दरवाजा खोलते हैं। ____________________

2) लड़का पेन खरीदेगा। ____________________

3) राम नहाता है। ____________________

4) आदमी गड्ढा खोदेंगे। ____________________

5) गेंद ऊपर से गिरेगी। ____________________

## IV) निम्नलिखित वाक्य भविष्यत् काल में लिखिए।

1) फूलदान नीचे गिरा। ____________________

2) लोगों ने नहर खोदी। ____________________

3) बच्चा बस्ता खोल रहा है। ____________________

4) राम नहा रहा है। ____________________

5) पिताजी ने फल खरीदे। ____________________

## V) निम्नलिखित वाक्य वर्तमान काल में लिखिए।

1) माँ ने टमाटर खरीदे। ____________________

2) फूलदान नीचे गिरा। ____________________

3) पिताजी नहाए। ____________________

4) आदमी गड्ढा खोदेंगे । ____________________

5) चोर तिजोरी खोलेंगे। ____________________

*************

# पुनरावलोकन

**(तैरना, उड़ना, पहनना, कूदना, काटना, धोना, चढ़ना, उतरना, बैठना, तोड़ना, खोलना, खरीदना, गिरना, खोदना)**

**I) निम्नलिखित तालिका पूर्ण कीजिए।**

| भविष्यत् काल | वर्तमान काल | भूतकाल |
|---|---|---|
| खरीदेंगे | | |
| | गिर रही | |
| | | काटा |
| | बैठ रहा | |
| चढ़ेगा | | |
| | | पहना |
| | उड़ रहा | |

**II) सूचना के अनुसार वाक्य में बदल करके वाक्य फिरसे लिखिए।**

1) औरत कपड़े धोएगी । (भूतकाल)
2) चीता पेड़ पर चढ़ रहा है। (भविष्यत् काल)
3) लड़के ने फूलदान तोड़ा । (वर्तमान काल)
4) चोरों ने तिजोरी खोली । (भविष्यत् काल)
5) काँव-काँव करता कौआ मटके पर बैठ रहा है। (भूतकाल)
6) पिताजी ने कुर्ता पहना । (वर्तमान काल)
7) दादाजी धीरे - धीरे सीढ़ियाँ चढ़ रहे हैं। (भूतकाल)
8) नीता बड़ा केक काटेगी । (वर्तमान काल)
9) बच्ची झूले पर झूल रही है। (भविष्यत् काल)
10) मजदूरों ने तालाब खोदा। (वर्तमान काल)


************


# आओ हिंदी सीखे

* रोचकता से हिंदी भाषा सिखाने के लिए आओ हिंदी सीखे पुस्तक मालिका 3 स्तरों पर उचित क्रम से (जैसे- सरलतम से कठिनतम) की गयी है।

* ये किताबें आकर्षक चित्रों से, मनोरंजक कहानियों से तथा पात्रों से परिपूर्ण हैं, जिससे बच्चा आसानी से एवम् सरलता से हिंदी भाषा सीख पाएगा।


* इसमें दी हुई गतिविधियाँ बच्चों को पढ़ाई हुई संकल्पना स्थिर और दृढ़ करने में प्रयत्न करती हैं।





**भाग-1 वर्ण संसार**

- वर्णमाला
- बारहखड़ी
- संयुक्ताक्षर




**शब्द संसार भाग -1**

- संज्ञा भाग -1
- संज्ञा भाग -2
- संज्ञा भाग -3
- संज्ञा भाग -4
- विलोम


**शब्द संसार भाग -2**

- शब्द एक अर्थ अनेक
- अर्थ एक शब्द अनेक
- विशेषण
- अनुप्रासक शब्द
- ऊनार्थक

**भाग -3**

- क्रिया
- क्रिया काल रूप
- प्रेरणार्थक क्रिया
- शब्द रूप परिवर्तन
- सर्वनाम





**वाक्य संसार**

- वाक्य-1 वाक्य के अवयव
- वाक्य-2 रचना के प्रकार
- वाक्य-3 अर्थ के प्रकार
- वाक्य-4 वाच्य के प्रकार
- वाचन और लेखन कौशल्य

* भाषिक वातावरण का निर्माण करके बच्चों में पढ़ने की इच्छा बढ़ाती है।